सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/3/2020- राभा

दिनांक 13.04.2023

परिपत्र एवं अनुस्मारक
Circular & Reminder

विषय : राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2023) की अप्राप्ति ।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक तिमाही अवधि की समाप्ति के उपरांत प्रत्येक अनुभाग/प्रभाग/समूह प्रमुख से हर तिमाही अवधि के लिए कुछ बिंदुओं पर जानकारी/आँकड़े प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में उन्हें समेकित करने के बाद संस्थान की राजभाषा प्रगति संबंधी रिपोर्ट निदेशक महोदय के हस्ताक्षर सहित परिषद मुख्यालय को नियमित रूप से भेजी जाती है। यह भी उल्लेख किया जाता है कि संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों/वैज्ञानिक समूहों के प्रमुखों तथा प्रशासनिक अनुभागों के प्रभारियों द्वारा यह प्रपत्र भरा जाता है। **दिनांक** 10 अप्रैल, 2023 के समसंख्यक परिपत्र/सूचना द्वारा सभी अनुभागों/वैज्ञानिक समूहों/प्रभागों से यह रिपोर्ट **दिनांक** 12 अप्रैल, 2023 तक भेजने का अनुरोध किया गया था। पीए सिस्टम पर भी इस संबंध में अनेक बार उद्घोषणा की जा चुकी है।

परंतु खेदपूर्वक सूचित किया जाता है कि कुछ अनुभागों/प्रभागों/समूहों द्वारा यह जानकारी अभी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई है जिसके कारण यह रिपोर्ट तैयार नहीं की जा सकी है। अत: कृपया यह जानकारी/आँकड़े निर्धारित प्रपत्र में भरकर **17 अप्रैल, 2023 (सायं 5)** बजे तक राजभाषा प्रकोष्ठ में भिजवाना सुनिश्चित करें।

संस्थान में संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

13/04/2023

(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

नोट – प्रपत्र देखने/प्राप्त करने के लिए कृपया संस्थान की वेब साइट पर 'फार्म/Foms' में 'राजभाषा संबंधी प्रपत्र' सेक्शन में 'तिमाही रिपोर्ट प्रपत्र' पर क्लिक करें।

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासन नियंत्रक कार्यालय
3. सभी संबंधित अनुभाग/प्रभागाध्यक्ष
4. प्रमुख, एआईटीजी कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. सूचना पट्ट
6. संबंधित फाइल